तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सतीश कुमार** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या—ऑनलाईन अपील संख्या 353741434514671	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24/03/25	अपीलार्थी सतीश कुमार निवासी मस्जिद वाली गली, गच्छीपुरा, जिला—डीडवाना कुचामन ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 14.11.2024 को नवदीप व्हीकल फिटनेस सेंटर पीपाड़ सिटी, पर गैर नियम/गैर कानूनी गतिविधियों की शिकायत की कार्यवाही की जानकारी से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 241 दिनांक 25.02.2025 से बतलाया कि प्रार्थी को प्रभारी अधिकारी सम्पर्क अनुभाग, कार्यालय हाज़ा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार कार्यालय के पत्र संख्या 42 दिनांक 13.01.2025 द्वारा कुल 02 पृष्ठों की सूचना प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by [illegible]av Agrawal
Designation: [illegible] & District Magistrate
Date: 2025.03.[illegible]2:52:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14336403